प्रेस विज्ञप्ति   दिनांक 17.01.2019

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

भिलाईनगर/ स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत 20 जनवरी 2019 को नगर निगम भिलाई , लिटिल मिलेनियम नेहरु नगर भिलाई एवं गोईंग पिंक रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में फस्ट बटालियन सीएएफ मैदान भिलाई में स्वच्छता की दौड़ का आयोजन किया जा रहा है इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर व भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव होंगे।

श्री सुंदरानी ने लिटिल मिलेनियम नेहरु नगर भिलाई के साथ सहयोग बनाकर कार्यक्रम के मंच संचालन के साथ सहयोग प्रदान करने हेतु अजय शुक्ला सहायक ग्रेड- 02, अपने स्वच्छता दल के साथ उपस्थित रहकर उपलब्ध स्वच्छता प्रचार-प्रसार संबंधी बैनर, पोस्टर, डस्टबीन आदि का प्रबंध करने हेतु श्री बालकृष्ण नायडू प्र. स्वच्छता निरीक्षक , स्वच्छता रथ के साथ उपस्थित रहकर फोटो खिचनें हेतु श्री रामायण सिंह स्वच्छता पर्यवेक्षक को दायित्व सौंपा गया है।

नियमित शारीरिक व्यायाम बच्चों एवं युवाओं के स्वस्थ्य एवं तंदरुस्त विकास के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उनके इस आयोजन को "भिलाई नगर निगम" एवं रायपुर गोईंग पिकंग संस्थाओं का सहयोग प्राप्त है। इस नन्हे बच्चों की दौड़ में 3-13 वर्ष तक के बच्चें भाग ले सकते हैं।

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कचरे को कम्पोस्ट खाद में बदलने की क्रिया का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया जायेगा। एकत्र कुड़ा कचरा को खाद में परिवर्तित करने से न केवल प्रदुषण से मुक्ति मिलेगी वरन् घर के बाग बगिचों के लिए उपयोगी कम्पोस्ट खाद भी उपलब्ध हो जायेगी। नगर निगम भिलाई के द्वारा डिमांड्रेशन से बनाई गई खाद के पैकेट प्रतिभागियों को निःशुल्क वितरित किये जायेगे।

इस स्वच्छता एवं स्वास्थ्य दौड़ की खास बात यह है कि इसमें गर्भवती महिलाएं भी चलकर इस संदेश को प्रचारित करेंगी। कम उम्र के 3 से 4 वर्ष तक के बच्चे भी मैदान में दौड़ेगे।

इस संबंध में नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस 0के0 सुंदरानी ने आदेश प्रसारित किया है जिसमें उप अभियंता सुश्री श्वेता माहेश्वर , कनिका, निकहत सबरीन, पीएमयू हरीश ठाकुर , पीआईयू शुभम पाटनी, अभिनव ठोकने, श्रीमती रीता चतुर्वेदी सहायक ग्रेड-03, हरिप्रेम वर्मा, अशोक शुक्ला, अनिल शर्मा, श्रीमती मंगला जोशी , रोहित बंजारे, महेन्द्र कुमार, किशोर, कौशल को स्वच्छता दौड़ के दौरान उपस्थित रहकर जन समुह को स्वच्छता के प्रति जागरुक कर घरों में होम कम्पोस्ट बनाने की विधि स्टालों पर खड़ा होकर बताना एवं सभी का सहयोग करने का दायित्व दिया गया है।